**अंक योजना**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2026-27**

**हिंदी (ऐच्छिक)**

**कोड संख्या (002)**

**कक्षा-बारहवीं**

**निर्धारित समय: 03 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

***सामान्य निर्देश :-***

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।
- वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन निर्दिष्ट अंक योजना के आधार पर ही किया जाए।
- वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिए गए उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।
- यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दे तो उसे अंक दिए जाएँ ।
- मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

| **प्रश्न** | **खंड - क (अपठित बोध)** | **18 अंक** |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | |
| (I) | (C) वैज्ञानिक सहयोग का<br>सही उत्तर (C ) है क्योंकि गद्यांश में वैज्ञानिकों के सहयोग से खेती की सफलता की चर्चा की गई है । | 1 |
| (II) | (D) केवल कथन (ii) और (iii) सही हैं।<br>विद्यार्थी उत्तर के संदर्भ में दी गई पंक्ति/ कथन की विवेचना कर पाएँगे क्योंकि गद्यांश में इन दोनों बातों का वर्णन किया गया है। उसमें बताया गया है कि  हींग के बीज हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति के कई | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | किसानों को दिए गए थे और आईएचबीटी की टीम ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में हींग की खेती के परीक्षण किए थे। | |
| (III) | (C)कथन सही है और कारण उसकी उचित व्याख्या करता है।<br><br>कथन हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी हींग की खेती के लिए उपयुक्त पाई गई थी का कारण है हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी की ठंडी और शुष्क जलवायु हींग की खेती के लिए ठीक थी।विद्यार्थी उत्तर के संदर्भ में दिए कथन और कारण की विवेचना कर पाएँगे। | 1 |
| (IV) | • आयात पर निर्भरता से मुक्ति<br>• रोज़गार और ग्रामीण विकास | 1 |
| (V) | सीएसआईआर-आईएचबीटी ने तोग चंद की हींग की खेती में:<br>• तकनीकी और वैज्ञानिक सहयोग दिया।<br>• पहाड़ी क्षेत्रों में इसकी व्यावसायिकता साबित की।<br>• भारत को आयात पर निर्भरता से मुक्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।<br>• किसानों के लिए एक नकदी फसल के रूप में हींग को स्थापित किया। | 2 |
| (VI) | • हींग की सफल खेती वैज्ञानिक अनुसंधान और ग्रामीण नवाचार की शक्ति<br>• असंभव को संभव बनाना<br>• वैज्ञानिकों की दूरदर्शिता,किसानों की मेहनत | 2 |
| (VII) | • कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय से असंभव भी संभव<br>• सभी भारतीय अपने-अपने स्तर पर प्रयास करके भारत की प्रगति में योगदान दे सकते हैं। | 2 |
| 2. | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | 8 |
| (I) | (D) प्रवासी को देश की चेतना से जोड़ना।<br><br>विद्यार्थी उत्तर के संदर्भ में दी गई पंक्ति की विवेचना कर पाएँगे क्योंकि पद्यांश में प्रवासी को देश की चेतना से जोड़ना की चर्चा की गई है । | 1 |
| (II) | (B) जिज्ञासा और चेतना की खोज। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | विकल्प (B) सही है क्योंकि प्रश्न "उग रहा जिस क्षितिज-रेखा से अरुण, उसके परे क्या?" जिज्ञासा और चेतना की खोज के भाव को उभारता है। | |
| (III) | (C)कथन सही है और कारण उसकी उचित व्याख्या करता है।<br><br>सही उत्तर C है। कथन 'कविता में उल्लिखित "अरुण आलोक-शतदल" एक नए प्रभात का प्रतीक है क्योंकि "अरुण आलोक-शतदल" सूर्योदय के प्रकाश से खिले फूल की तरह देश के नए उत्साह को दर्शाता है। | 1 |
| (IV) | धरती, जो सदियों से दुखी थी,अब समृद्धि, नवाचार, और खुशी से भरपूर हो उठी है। यह एक प्रतीक है कि संघर्षों के बाद एक नई प्रगति की शुरुआत हो चुकी है। | 1 |
| (V) | प्रथम तत्व-आकाश में खिलता सूर्य का कमल (अरुण आलोक-शतदल)<br>- नवचेतना, गौरव, और प्रगति का प्रतीक।<br>द्वितीय तत्व**-** खुशहाल हो रही धरती (चिर-दुखी धरणी विभा)<br>- देश के आर्थिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक। | 2 |
| (VI) | • यह पंक्ति कवि के उस गहरे प्रेम और चिंता को दर्शाती है, जो एक देश को पुनः गौरवान्वित होते देखना चाहता है।<br>• यह एक आत्मीय पुकार है, एक आंतरिक आवाज़ है। | 2 |
| | **खंड- ख (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक के आधार पर )** | **22 अंक** |
| 3. | निम्नलिखित प्रश्नों के अपेक्षित उत्तर : | 5 |
| (I) | • खबर को संपूर्णता के साथ प्रस्तुत करने का माध्यम।इसमें संबंधित घटना के दृश्य, इससे जुड़े लोगों की बाइट,ग्राफ़िक के माध्यम से ज़रूरी सूचनाएँ आदि होती हैं। | 1 |
| (II) | • पत्रकारिता में मुखड़ा (इंट्रो) समाचार का पहला पैराग्राफ़ होता है, जो दो-तीन पंक्तियों में आमतौर पर तीन या चार ककारों को आधार बनाकर लिखा जाता है।<br>• इसका महत्व यह है कि यह पाठक का ध्यान खींचता है और समाचार की गुणवत्ता तय करता है, ताकि पाठक आगे पढ़े या नहीं। | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| (III) | • प्रारंभ,मध्य और अंत एक-दूसरे से जुड़े होने चाहिए<br>• अनुच्छेद छोटे हों और एक ही विषय पर फोकस हो<br>• विषयानुकूल चित्रों /ग्राफिक्स/ रेखांकन का होना अनिवार्य<br>• ज्ञान और मनोरंजन के साथ सूचना प्रधान<br>• विषय और विचारों में तारतम्यता | 2 |
| 4 | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों** में अपेक्षित : | 2x3=6 |
| (I) | • साफ़-सुथरी टंकित प्रति कोई अधूरी पंक्ति नहीं बोलचाल की भाषा<br>• कठिन शब्दों से परहेज़ अक्षरों और अंकों को लेकर सावधानी<br>• डेडलाइन को ध्यान में रखना<br>• समय जैसे आज सुबह, कल शाम, दोपहर जैसे शब्दों में पूरी सावधानी बरतना<br>• संक्षिप्ताक्षरों से बचाव | 2x3=6 |
| (II) | • धन हर व्यक्ति के जीवन का मूल आधार है।<br>• आर्थिक फ़ायदे नफ़ा- नुकसान आदि की बात होती है तो इन सबका कारोबार और अर्थ जगत से संबंध जुड़ता है। राजनीति और अर्थव्यवस्था के बीच भी गहरा संबंध है। | |
| (III) | • खोजी रिपोर्ट का इस्तेमाल आमतौर पर भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और गड़बड़ियों को उजागर करने के लिए किया जाता है।<br>• इन-डेप्थ रिपोर्ट में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध तथ्यों, सूचनाओं और आँकड़ों की गहरी छानबीन की जाती है और उसके आधार पर किसी घटना, समस्या या मुद्दे से जुड़े पहलुओं को सामने लाया जाता है। | |
| 5. | किसी **एक** विषय पर लगभग **100 शब्दों में** रचनात्मक लेखन -<br>• विषयवस्तु : 3 अंक<br>• भाषा : 1 अंक<br>• प्रस्तुति : 1 अंक | 5 |
| 6. | निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में अपेक्षित : | 2x3=6 |
| (I) | • शब्द कविता लेखन का प्राथमिक उपकरण<br>• शब्दों से मेल-जोल कविता की पहली शर्त | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | • शब्द भावों को आकार देने का माध्यम<br>• तुकबंदी के प्रयास से रचनात्मक विकास<br>• शब्दों के साथ खेलने से उनके भीतर छिपे अर्थ के नए आयाम का खुलना | |
| (II) | नाटक के मंच-निर्देश हमेशा वर्तमान काल में ही लिखे जाते हैं क्योंकि<br>• दर्शक वर्तमान काल में ही उपस्थित होते हैं।<br>• दर्शक या प्रेक्षक को घटना से अवगत करवाना होता है।<br>• भूतकाल और भविष्य काल की घटनाओं को नाटक में वर्तमान काल में ही मंच पर मंचित करना होता है। | 3 |
| (III) | • कहानी की रोचकता कथानक और उसमें प्रयुक्त देशकाल, वातावरण वातावरण, पात्र,संवाद स्थान आदि से संभव<br>• कथानक में द्वंद्व और क्लाइमैक्स का ध्यानपूर्वक चित्रण कहानी की रोचकता के लिए आवश्यक<br>• उदाहरण-संवदिया कहानी में बड़ी बहुरिया और संवदिया की बातचीत। | 3 |
| | **खंड- ग ( पाठ्यपुस्तकों अंतरा, अंतराल के आधार पर )** | **40 अंक** |
| 7. | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प : | 5x1=5 |
| (I) | (B) केवल (iii)<br><br>सही विकल्प (B) है क्योंकि कवि द्वारा स्वयं को 'भाग्यहीन' कहने का कारण कवि रूप में साहित्य जगत में पहचान न मिल पाना<br>नहीं हो सकता। | 1 |
| (II) | (C)कथन सही है और कारण उसकी उचित व्याख्या करता है।<br><br>(C)कथन सही है और कारण उसकी उचित व्याख्या करता है क्योंकि लता और कली का प्रयोग कवि ने अपनी पत्नी और पुत्री के लिए किया है। कवि अपनी पत्नी और पुत्री के निधन से व्याकुल हैं , पुत्री सरोज का पालन-पोषण और मृत्यु उसके ननिहाल में हुई थी। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (III) | (D) करुणा<br><br>विद्यार्थी उत्तर (D) करुणा के संदर्भ में विवेचना कर पाएँगे। | 1 |
| (IV) | (C) सर्दी के प्रकोप से खराब हो चुके कमलों से<br><br>विकल्प (C) सही है। अपने सभी कार्यों के भ्रष्ट होने की तुलना कवि द्वारा सर्दी के प्रकोप से खराब हो चुके कमलों से की जा रही है। | 1 |
| (V) | (D) कवि अपने अच्छे कर्मों को पुत्री के लिए अर्पित करना चाहते थे।<br><br>(D) विकल्प सही है क्योंकि काव्यांश के आधार पर कवि अपने अच्छे कर्मों को पुत्री के लिए अर्पित करना चाहते थे। | 1 |
| 8. | काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में अपेक्षित : | 2x2=4 |
| (I) | कवि अज्ञेय द्वारा दीप को गर्व भरा और मदमाता कहा गया है क्योंकि<br>• उसमें तेल भरा होता है और लौ गर्व से तनी रहती है, वह प्रकाश देता है।<br>• वास्तव में यहाँ दीपक एक अकेले व्यक्ति का प्रतीक है व्यक्ति में भी स्नेह, गर्व और अहंकार के भाव होते हैं।<br>• वह संपन्न होता है पर इस दशा में वह अकेला होता है। | 2 |
| (II) | 'तोड़ो' कविता में निर्माण से पूर्व तोड़ने की प्रक्रिया आवश्यक -<br>• पुराने को हटाना जरूरी<br>- समाज में व्याप्त कुरीतियों, रूढ़ियों, और झूठे बंधनों को तोड़ना आवश्यक है।<br>• नए की शुरुआत<br>- तोड़ने की प्रक्रिया नए सृजन, प्रगति, और स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त करती है।<br>• प्रगति का नियम<br>- निर्माण से पूर्व तोड़ना एक आवश्यक कदम है जो समाज को आगे बढ़ने में मदद करता है।<br>• सकारात्मक परिवर्तन | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | - पुराने विचारों, अवधारणाओं और रूढ़ियों को तोड़कर नए और सक्रीय विचारों को स्थान मिलता है।<br>कवि रघुवीर सहाय सृजन के आकांक्षी हैं, नवनिर्माण की प्रेरणा देते हैं। | |
| (III) | • कवि घनानंद द्वारा मृत्यु की निकटता में भी प्रिया सुजान की राह देखना<br>• सुजान से मिलने की उत्कंठा,वियोग में मरने की-सी स्थिति होना | 2 |
| 9. | किसी **एक** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग **100** शब्दों में अपेक्षित-<br>• संदर्भ : 1 अंक (कवि और कविता का नाम)<br>• प्रसंग :1 अंक (पूर्वापर संबंध)<br>• व्याख्या :3 अंक<br>• विशेष :1 अंक | 6 |
| 10. | निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए अपेक्षित उपयुक्त विकल्प - | 5x1=5 |
| (I) | (D) सामान्य ऊँचा<br><br>विकल्प (D) सामान्य ऊँचा सही है क्योंकि यह अनत्युच्च पर्वत श्रृंखला का अर्थ है। | 1 |
| (II) | (D) कठिन समय में साथ निभाने वाला<br><br>विकल्प (D) कठिन समय में साथ निभाने वाला सही उत्तर है क्योंकि यह कुटज के "गाढ़े का साथी" अभिप्राय को स्पष्ट करता है। | 1 |
| (III) | (C) भाग्य<br><br>विकल्प (C) सही है क्योंकि "इज़्ज़त तो नसीब की बात है" – इस पंक्ति के माध्यम से लेखक कहना चाहते हैं कि इज़्ज़त भाग्य से मिलती है। | 1 |
| (IV) | (D) लोग वस्तु का उपयोग कर उसे भूल जाते हैं।<br><br>विकल्प (D) सही है क्योंकि "दुनिया है कि मतलब से मतलब है, रस चूस लेती है, छिलका और गुठली फेंक देती है" कथन से लेखक का कहना है कि- लोग वस्तु का उपयोग कर उसे भूल जाते हैं। | 1 |
| (V) | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं। कारण कथन की सही व्याख्या है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | विकल्प (D) सही है क्योंकि कथन 'कुटज की तुलना रहीम से करना उचित है।' का कारण 'दोनों ने अपनी स्वतंत्रता और उदारता को महत्वपूर्ण माना' है। | |
| 11. | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों** में अपेक्षित - | 2x2=4 |
| (I) | • बालक से उसकी उम्र और योग्यता से बढ़-चढ़कर सवाल पूछे जा रहे थे।<br>• अन्य अध्यापकों का प्रधानाध्यापक को खुश करना<br>• अध्यापकों द्वारा अपने अहं की संतुष्टि करना<br>• अपने विद्यालय की शिक्षण प्रणाली को सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करना | 2 |
| (II) | • अपने हाथों से फल छीलकर लेखक को खिलाना<br>• गुसलखाने के बाहर तौलिया लेकर खड़े रहना<br>(अन्य उदाहरण भी स्वीकार) | 2 |
| (III) | संभव का युवती के प्रति आकर्षण युवा होते मन का आकर्षण है क्योंकि वह उसकी अधूरी इच्छाओं, खोए हुए सपनों और छिपी भावनाओं को एक नई दिशा देता है। | 2 |
| 12. | किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लगभग **100 शब्दों** में अपेक्षित-<br>• संदर्भ : 1 अंक (पाठ और लेखक का नाम)<br>• प्रसंग :1 अंक (पूर्वापर संबंध)<br>• व्याख्या :3 अंक<br>• विशेष :1 अंक | 6 |
| 13. | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100 शब्दों** में अपेक्षित - | 2x5=10 |
| (I) | 'सूरदास की झोपड़ी' पाठ में सूरदास की लाचारी, संघर्ष और जिजीविषा का गहरा चित्रण-<br>**लाचारी**<br>आर्थिक तंगी, समाज की उपेक्षा और शारीरिक असहायता<br>**संकल्प और संघर्ष**<br>सूरदास जानता है कि उनकी झोपड़ी में आग भैरव ने लगाई है, लेकिन बदला लेने की बजाय अपने विश्वास और भक्ति पर कायम<br>**जिजीविषा** | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | • भक्ति और विश्वास<br>• सक्रियता और कर्मशीलता<br>• दृढ़ संकल्प<br>• संघर्षों के बीच भी गीत गाना<br>• हर कठिनाई में भी जीवन का उत्सव खोजना | |
| (II) | **प्रकृति और नारी का एकीकरण-**<br>• लेखक प्रकृति को एक सजीव और संवेदनशील इकाई मानते हैं, जो नारी के रूप में प्रकट होती है।<br>• वह औरत, जो लेखक के मन पर एक गहरा प्रभाव डालती है, प्रकृति का एक प्रतीक बन जाती है।<br>• वह औरत बिसनाथ को औरत के रूप में नहीं, जूही की लता बन गई चाँदनी के रूप में लगी, जिसके फूलों की खुशबू आ रही थी।<br>• प्रकृति की सुंदरता, उसकी सजीवता, और उसकी संवेदनशीलता नारी के रूप में प्रकट होती है।<br>**सौंदर्य-**<br>• लेखक के लिए सौंदर्य प्रकृति की सुंदरता और नारी के आकर्षण का मिश्रण है।<br>• वह औरत की सुंदरता को प्रकृति की सुंदरता के रूप में देखते हैं, जो उनके मन को आकर्षित करती है।<br>• सौंदर्य उनके लिए एक सजीव अनुभव है, जो प्रकृति और नारी के एकीकरण से उत्पन्न होता है। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| (III) | • लेखक प्रभाष जोशी द्वारा मालवा प्रदेश की विशेषता को दर्शाने के लिए इस कथन का उपयोग<br>• मालवा की धरती गहन और गंभीर , उपजाऊ मिट्टी समृद्धि और संपन्नता की परिचायक<br>• पग-पग नीर की कहावत से मालवा में पानी की प्रचुरता को दर्शाना , जो यहाँ के जनजीवन और संस्कृति के लिए आवश्यक<br>• मालवा में विक्रमादित्य, भोज और मुंज जैसे राजा हुए हैं, जो यूरोप के रिनेसां से बहुत पहले हो गए<br>• ये राजा पानी के रख-रखाव के प्रति सतर्क थे और उन्होंने तालाब, बावड़ियाँ बनवाकर बरसात के पानी को रोककर रखा। | 5 |

>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>